राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयन्ती पर किया नमन

जयपुर, 18 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयन्ती (19 फरवरी) पर नमन किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि छत्रपति शिवाजी ने अद्‌भुत वीरता, साहस और बुद्धि कौशल से आतताइयों से लोहा लिया। उन्होंने समाज को संगठन सूत्र में पिरोते हुए सुशासन की स्थापना की। राज्यपाल श्री मिश्र ने छत्रपति शिवाजी महाराज से प्रेरणा लेते हुए सभी देशवासियों से राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए जीवन जीने का आह्वान किया है।

———